वो जो भानु बाबा की दुलारी है.

वो जो भानु बाबा की दुलारी है..
बड़ी सुंदर और बड़ी प्यारी है
मैं क्यों अपनी परवाह करूं
मेरी श्यामा जू हितकारी है..

मेरी लाडो जिनपे रीझ जाए ,उनको ही ब्रज में बुलाती है ,
उन्हें आंचल में बिठला करके, प्यारी नित नित प्यार लुटाती है..
वोजो श्यामा जी की अटारी है , हमें प्राणों से भी प्यारी है..!!
मैं क्यों अपनी परवाह करूं,मेरी श्यामा जू हितकारी है...

करुणा मई श्यामा प्यारी है,अधमों को भी लाड लडाती है.. 2
मुझ जैसी कपटी पापी को ,प्यारी नित नए लाड लडाती है..
कोई भाव से राधा नाम कहे.. प्यारी ठाकुर से मिलवाती है..
वो जो भानु बाबा की दुलारी है..
बड़ी सुंदर और बड़ी प्यारी है

अब एक ही आस मेरे मन की,मेरा हर अंग राधा नाम कहे 2
दिन रैन हीं नाम भजूं प्यारी, और नित ही दर्शन होता रहे
जब दृष्टि पड़ी तेरी चौखट पे.. , सब सुध बुध तो पे वरी है..
वो जो भानु बाबा की दुलारी है..बड़ी सुंदर और बड़ी प्यारी है

Lyrics Drishti Sharma
Singer Drishti Sharma

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/35981/title/vo-jo-bhanu-baba-ki-dulari-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |